भारत द्वारा केन्या को कृषि ऋण की पेशकश

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

भारत ने **केन्या के राष्ट्रपति की हालिया भारत यात्रा** के दौरान अपने कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिये **केन्या को 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की ऋण सुविधा देने की घोषणा की है।

- **क्रेडिट लाइन (LOC)** एक पूर्व निर्धारित **उधार सीमा** है जो आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध होती है। इसमें उधारकर्त्ता स्थापित सीमा तक पहुँचने तक आवश्यकतानुसार धनराशि की निकासी कर सकता है और एक बार चुकता करने के बाद क्रेडिट की मुक्त ऋण सुविधा के मामले में धनराशि फिर से उधार ली जा सकती है।

केन्या के राष्ट्रपति की हालिया यात्रा के मुख्य तथ्य क्या हैं?

- भारत और केन्या ने खेल, शिक्षा और डिजिटल समाधान **सहित कई क्षेत्रों में सहयोग** प्रदान करने वाले **पाँच समझौतों पर हस्ताक्षर** किये और हिंद महासागर क्षेत्र में **समुद्री जुड़ाव** को बढ़ाने के लिये एक संयुक्त दृष्टि दस्तावेज़ का अनावरण किया।
- भारत ने दो भारतीय नागरिकों का मुद्दा भी उठाया जो गत वर्ष **पूर्वी अफ्रीकी देश में लापता** हो गए थे।
- दोनों राष्ट्रों ने **रक्षा**, **व्यापार**, **ऊर्जा**, **डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा** और **स्वास्थ्य सेवा** के क्षेत्र में **द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने पर सहमति** जताई है।
- दोनों पक्षों ने **रक्षा सहयोग** पर विचार-विमर्श किया और **सैन्य अभ्यास**, **क्षमता निर्माण** के साथ-साथ दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को जोड़ने पर ज़ोर दिया।
- भारतीय कंपनियों को **केन्या में निवेश करने के लिये** विशेष रूप से **कृषि, विनिर्माण, फार्मास्युटिकल, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और हरित गतिशीलता क्षेत्रों में** केन्या ने अनुकूल एवं आकर्षक वातावरण का लाभ उठाने के लिये आमंत्रित किया।
- **आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती पर दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी सहयोग बढ़ाने** का फैसला किया है।

केन्या से संबंधित प्रमुख बिंदु क्या हैं?

- **केन्या** पूर्वी अफ्रीका में स्थित है, इसका भू-भाग हिंद महासागर के निम्न तटीय मैदान से लेकर इसके मध्य में पहाड़ों और पठारों तक विस्तृत है।
- **हिंद महासागर** तथा **विक्टोरिया झील** के बीच केन्या की अवस्थिति का अर्थ यह है कि संपूर्ण **अफ्रीका** एवं **मध्य पूर्व** के लोग सदियों से इस पार यात्रा और व्यापार करते रहे हैं।
  - इसने कई जातीय समूहों एवं भाषाओं के साथ एक विविध संस्कृति का निर्माण किया है।
- अब तक पाए गए सबसे प्राचीनतम मानव में से एक की अस्थियाँ **केन्या की तुर्काना द्रोणी/बेसिन** में खोजी गई थीं।
  - **विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील, तुर्काना झील**, ओमो-तुर्काना द्रोणी का हिस्सा है, जो चार देशों, **इथियोपिया, केन्या, दक्षिण सूडान और युगांडा** में फैली हुई है।
- संयुक्त राष्ट्र-पर्यावास सभा **(UN-Habitat)** का **मुख्यालय केन्या के नैरोबी** में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में स्थित है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-offers-agricultural-line-of-credit-to-kenya